पेज थ्री देहरादून
बालिका शक्ति परियोजना का हुआ समापन समारोह।
देहरादून, शनिवार, 14 मई 2022
पेज 8



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### श्री हेमकुंड साहिब के लिए 19 मई को रवाना होगा पहला जत्था

**संवाददाता** ऋषिकेश। 22 मई को आरंभ हो रही सिखों के प्रमुख तीर्थ तथा उत्तराखंड में पांचवें धाम के रूप में पहचान रखने वाले श्री हेमकुंड साहिब की यात्रा के लिए पहला जत्था 19 मई को ऋषिकेश से रवाना होगा। श्री हेमकुंड साहिब की यात्रा के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। गुरुद्वारा श्री हेमकुंड साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट के उपाध्यक्ष नरेंद्रजीत सिंह बिंद्रा ने बताया कि इस वर्ष श्री हेमकुंड साहिब के कपाट 22 मई को खुल रहे हैं। श्री हेमकुंड साहिब की यात्रा को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। यात्रा के पैदल मार्ग को खोलने का कार्य भी अंतिम चरण में है।

### कमजोर कन्या कमजोर राष्ट्र, सशक्त कन्या सशक्त राष्ट्र

**संवाददाता** ऋषिकेश। परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी और डिवाइन शक्ति फाउंडेशन की अध्यक्ष साध्वी भगवती सरस्वती जी के मार्गदर्शन में गर्ल पॉवर प्रोजेक्ट की शुरूआत डिवाइन शक्ति फाउंडेशन, परमार्थ निकेतन और जस्ट लाइक माई चाइल्ड फाउंडेशन द्वारा पायलट प्रोजेक्ट के रूप में पब्लिक इंटर कालेज डोईवाला में की गयी थी। इस परियोजना के दौरान सैकड़ों किशोरियों ने जीवन जीने की कला के साथ अपने अधिकारों, कर्तव्यों, संवाद कला, आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ ही एक जिम्मेदार नागरिक बनने की शिक्षा प्राप्त की।

### बिना पंजीकरण धाम का टिकट देने पर रोक

**संवाददाता** ऋषिकेश। धामों के दर्शन के लिए उमड़ रही भीड़ और इससे होने वाली परेशानी से बचने के लिए प्रशासन ने बिना यात्री पंजीकरण के किसी भी धाम का टिकट जारी करने पर रोक लगा दी है। परिवहन निगम के सहायक महाप्रबंधक व नोडल अधिकारी यात्रा पीके भारती ने कहा कि इस व्यवस्था को सख्ती से लागू किया जाएगा। इस वर्ष चारधाम यात्रा को लेकर देश में श्रद्धालुओं के बीच अपार उत्साह है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु यात्रा पर आ रहे हैं।

### टॉप 100 टेक चेंजमेकर्स में चुने गए कू ऐप के अप्रमेय राधाकृष्ण

**संवाददाता** देहरादून। कू ऐप के सह–संस्थापक और सीईओ अप्रमेय राधाकृष्ण को अंतरराष्ट्रीय गैर–लाभकारी पत्रकारिता संगठन रेस्ट ऑफ वर्ल्ड ने शीर्ष 100 सबसे प्रभावशाली तकनीकी नेताओं में मान्यता दी है। स्थानीय भाषाओं में ऑनलाइन अभिव्यक्ति का अधिकार देना कू ऐप का मूल मकसद है और इससे लाखों लोगों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसके चलते कू ऐप को वास्तविक दुनिया की समस्या को हल करने वाले एक अभिनव और जबर्दस्त समाधान के रूप में मान्यता दी गई है।

# पुलिस हमारी ब्रांड एम्बेसडर, प्रदेश की छवि बनाने में महत्वपूर्ण हैं पुलिसकर्मी

**लोकार्पण**

■ मुख्यमंत्री ने सुद्धोवाला में किया आई.आर.बी– (द्वितीय) के प्रशासनिक भवन का लोकार्पण



**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को सुद्धोवाला स्थित आई.आर.बी द्वितीय के प्रशासनिक भवन का लोकार्पण एवं द्वितीय चरण के भवनों का शिलान्यास किया। इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश सभी विभागों एवं कार्यदायी संस्थाओं को दिये गये हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में चार धाम यात्रा पूरे चरम पर है ऐसे में पुलिस की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। देश दुनिया से आने वाले श्रद्धालु देवभूमि से अच्छा संदेश लेकर जाएं यह सबकी जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड पर्यटन प्रदेश है और पुलिस हमारी ब्रांड एंबेसडर है। पुलिस के ध्येय वाक्य मित्रता, सेवा और सुरक्षा को चरितार्थ करने के लिए पूरे मनोयोग काम करना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि चार धाम यात्रा को लेकर सरकार लगातार मॉनिटरिंग कर रही है। बीते 2 सालों में कोविड संक्रमण के कारण यात्रा नहीं चल पाई है ऐसे में इस बार यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या कई गुना बढ़ गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि चार धाम यात्रा हमारी चुनौती है लेकिन सरकार इसे सुव्यवस्थित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। चारधाम यात्रा शुरू होने से पूर्व यात्रा से संबंधित सभी व्यवस्थाओं कई महत्वपूर्ण बैठकें आयोजित की गई। चारधाम यात्रा से जुड़े सभी क्षेत्रों के प्रतिनिधियों के साथ भी बैठक की गई।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि बीते कुछ समय में चार धाम यात्रा में जितने भी घटनाएं हुई हैं, वह यात्रा में अव्यवस्था एवं भगदड़ मचने से नहीं बल्कि अन्य स्वास्थ्यगत कारणों से हुई है। मुख्यमंत्री ने चार धाम यात्रा पर आने वाले नौजवानों से अनुरोध करते हुए कहा कि नौजवान पहले बुजुर्ग एवं महिलाओं को दर्शन करने का मौका दें। मुख्यमंत्री ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पुलिस विभाग नियमों का कड़ाई से पालन करें और अतिरिक्त सावधानी बरतें। स्मार्ट पुलिसिंग के लिए तकनीक का अधिक से अधिक इस्तेमाल करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड नवोदित राज्य है। प्रदेश 22वें साल में पहुंच गया है ऐसे में पुलिस की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि एसओजी, एसटीएफ, साइबर सेल जैसे अलग–अलग शाखाओं में काम करने वाले पुलिसकर्मियों की स्पेशल ट्रेनिंग कराई जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने पुलिसकर्मियों के कोविड काल में किए गए कार्यों को प्रोत्साहित करते हुए 10 हजार रुपए की सम्मान राशि दी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 1700 कांस्टेबल की भर्ती प्रक्रिया गतिमान है सरकार आगे भी पुलिस जवानों की भर्ती प्रक्रिया कराएगी। उन्होंने कहा कि

### सरकार सरलीकरण, समाधान और संतृष्टि के भाव से कर रही काम

अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने कहा कि सरकार सरलीकरण, समाधान और संतृष्टि के भाव से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस जवान हमेशा फर्स्ट रिस्पांडर के रूप में काम करते हैं और चार धाम में भी पुलिस अपनी भूमिका बखूबी निभा रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस कर्मी यात्रियों के साथ विनम्रता का व्यवहार करें ताकि उत्तराखण्ड की छवि और बेहतर बनाया जा सके। आईआरबी 3 बटालियन के गैरसैंण में गठन के लिए जो प्रस्ताव आया है, सरकार उसका परीक्षण करवाएगी।

अपर मुख्य सचिव ने पुलिस परिवार की महिलाओं और बच्चों पर विशेष जोर देते हुए उनके कल्याण हेतु महत्वपूर्ण कदम उठाने के सुझाव दिए। कार्यक्रम पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार ने आईआरबी के गठन, उसके उपयोग एवं भविष्य के कार्य योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान विधायक सहसपुर सहदेव सिंह पुंडीर, एडीजी पी.वी.के. प्रसाद समेत पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# बजट के लिए सीएम की मौजूदगी में वित्तमंत्री लेंगे प्रतिनिधि समूहों से सुझाव

**संवाद कार्यक्रम**

■ गढ़वाल में देहरादून और कुमाऊँ मंडल के नैनीताल में होगा संवाद कार्यक्रम

**संवाददाता**

देहरादून। प्री बजट स्टेक होल्डर्स कंसल्टेशन के तहत बजट 2022–23 के निर्माण में गढ़वाल और कुमाऊँ मंडल में प्रतिनिधि समूहों के साथ प्रदेश के वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल जी पहली बार एक संवाद कार्यक्रम के तहत वार्ता करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी मौजूद रहेंगे।

अग्रवाल जी ने बताया कि उत्तराखंड के बजट 2022–23

**14 मई को नैनीताल में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की मौजूदगी में लिए जाएँगे सुझाव**

अग्रवाल ने बताया कि कुमाऊँ मंडल के नैनीताल और गढ़वाल मण्डल के देहरादून में यह संवाद कार्यक्रम आयोजित होगा। बताया कि नैनीताल क्लब, नैनीताल में यह कार्यक्रम 14 मई को शाम चार बजे आयोजित किया जाएगा। जिसमें मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जी की मौजूदगी में कुमाऊँ मंडल से संबंधित समूहों जैसे होटल व रेस्टोरेंट एसोसिएशन, टूर ऑपरेटर एसोसिएशन, ट्रेड एसोसिएशन, सिडकुल एसोसिएशन, डेयरी फेडरेशन, चार्टड अकाउंटेंट आदि से सुझाव लिया जाना है।



के निर्माण में जन सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए पहली बार एक संवाद कार्यक्रम किया जाएगा। जिससे उत्तराखंड के बजट में उनकी इच्छा के अनुरूप कल्याणकारी योजनाओं को शामिल किया जा सके।

बताया कि कुमाऊँ मंडल के अंतर्गत जिला पंचायत अध्यक्ष, मेयर आदि को भी संवाद कार्यक्रम का हिस्सा बनाते हुए सुझाव लिए जाएंगे। बताया कि विभिन्न प्रतिनिधि समूहों की अपेक्षाएं, उनके सुझावों को ध्यान में रखते हुए उत्तराखंड का बजट 2022–23 बनाया जाएगा। जिसमें सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास की भावना निहित हो। कहा कि बजट में राज्य के सुगम और दुर्गम इलाकों में निवासरत लोगों को लाभ मिले, इसका विशेष ध्यान रखा जाएगा। इस दौरान बजट से सम्बंधित सभी अधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

बता दें कि सरकार वर्ष 2022–23 के बजट की तैयारियों में जुट गई है। आगामी विधानसभा सत्र के दौरान बजट प्रस्तुत किया जाना है। वित्त विभाग की ओर से विभिन्न विभागों से बजट के बारे में प्रस्ताव मांगे जा रहे हैं।

### प्रदेश में कोरोना के 13 नए मामले, इतने ही हुए स्वस्थ

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश में शुक्रवार को कोरोना संक्रमण के 13 नए मामले मिले हैं। जबकि 13 मरीज स्वस्थ हुए हैं। कोरोना से किसी मरीज की मौत नहीं हुई है। वहीं, कोरोना संक्रमण दर 0.87 प्रतिशत रही है। प्रदेश में फिलवक्त कोरोना के 88 सक्रिय मामले हैं। देहरादून में सबसे अधिक 54 सक्रिय मरीज हैं। जबकि हरिद्वार में 14 सक्रिय मामले हैं। बागेश्वर, चमोली, चंपावत, पिथौरागढ़ व रुद्रप्रयाग में कोरोना का कोई सक्रिय मामला नहीं है। देहरादून में शुक्रवार को सबसे अधिक 10 लोग संक्रमित मिले हैं। इसके अलावा हरिद्वार, पौड़ी और ऊधमसिंह नगर में एक–एक व्यक्ति संक्रमित मिला है। जबकि अल्मोड़ा, बागेश्वर, चमोली, चंपावत, नैनीताल, पिथौरागढ़, रुद्रप्रयाग, टिहरी व उत्तरकाशी में कोरोना का कोई नया मामला नहीं मिला है। बता दें, इस साल प्रदेश में कोरोना के 92587 मामले आए हैं। इनमें से 88980 लोग कोरोना को मात दे चुके हैं। कोरोना इस साल अब तक 275 मरीजों की मौत हो चुकी है।

In a Digital World Why To wait for a Howker
Visit Us at https://www.page3news.co.
Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+



Scan This Code
Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के. प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ.-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादक: प्रदीप चौधरी
सिटी कार्यालय:
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।